आप युवा हैं। युवा वे होते हैं जो बुद्धिमानी से, विवेक का आश्रय लेकर गुण दोष की परीक्षा करते हैं। यथार्थ में समुन्नत वही होता है जो अपने आपको अपने अतीत की उपलब्धियों तथा भविष्यत् की संभावनाओं के साथ जोड़कर रखता है।

कलिंग में जैन-धर्म का प्रभाव (पूर्व इतिवृत्त)

जैन साहित्य में कलिंग का उल्लेख ऋषभदेव के काल से ही प्राप्त होता है। भगवान ऋषभदेव ने देश को जिन 52 जनपदों में विभक्त किया था, उनमें से एक जनपद कलिंग नामक भी था। ऋषभदेव ने अपने एक पुत्र को यहां का राज्य दिया था। भगवान ऋषभदेव, पार्श्वनाथ और भगवान महावीर का विहार जिन देशों में हुआ था, उनमें कलिंग भी था। भगवान पार्श्वनाथ का विहार तो अंग, बंग, कलिंग, मगध और मध्य देशों में विशेष रूप से हुआ था। अतः इन देशों में उनका प्रभाव बहुत अधिक था और अनके अनुयायियों की संख्या लाखों में थी।

हरिषेण कथाकोष में मुनि गजकुमार के जीवन की अन्तिम घटना का कलिंग देश से सम्बन्धित होने का उल्लेख है।

तदुपरान्त भगवान पार्श्वनाथ का इस क्षेत्र में विहार हुआ। भगवान पार्श्वनाथ के पश्चात् कलिंग में जैन-धर्म के व्यापक प्रचार के सिलसिले में महाराज करकण्डु का नाम आता है। करकण्डु कलिंग के सम्राट थे। दन्तिपुर उनकी राजधानी थी। वे जैन-धर्म के कट्टर अनुयायी थे। उनका राज्य समस्त अंग, बंग, कलिंग, चेर, चोल, पाण्ड्य, आन्ध्र आदि प्रदेशों में फैला हुआ था। उन्होंने चेर, चोल और पाण्ड्य राजाओं को अपने चरणों में झुकाया। लेकिन जब सम्राट करकण्डु को ज्ञात हुआ कि उन राजाओं के मुकुटों में जिनेन्द्र भगवान का चित्र लगा है तो सम्राट ने उन्हें गले से लगा लिया और इस अविनय की क्षमा मांगी। मार्ग में उन्होंने तेरपुर में दो लयण (मुफा-मन्दिर) भी बनवाये।

उत्तराध्ययन सूत्र (अध्याय 18 गाथा 45-46) के अनुसार जब द्विमुख पांचाल के नेमि विदेह के और नग्नजित् गान्धार के शासक थे, उस समय कलिंग पर करकण्डु का शासन था। ये चारों ही नरेश जैन थे और वृद्धावस्था आने पर इन चारों ने ही अपने पुत्रों को राज्य देकर जैन मुनि-दीक्षा ले ली थी।

हरिवंश पुराण में राजा जितशत्रु का वर्णन मिलता है। जितशत्रु से महाराज सिद्धार्थ की छोटी बहिन यशोदा का विवाह हुआ था। जितशत्रु के पूर्व-पुरुषों में हरिवंश का प्रतापी राजा जरत्कुमार था। कलिंग राजा की पुत्री का विवाह जरत्कुमार के साथ हुआ था और कलिंग का राज्य जरत्कुमार को प्राप्त हो गया था। जरत्कुमार का पुत्र वसुध्वज, उसका पुत्र सुबसु, उसका पुत्र भीमवर्मा हुआ। उसके वंश में

अनेक राजा हुए। उसी वंश में कपिष्ट नाम का राजा हुआ। उसने अजातशत्रु, उसके शत्रुसैन, उसके जितरि के जितशत्रु नामक पुत्र हुआ। जब भगवान महावीर का जन्मोत्सव मनाया जा रहा था, तब यह कुण्डपुर आया था। महाराज सिद्धार्थ ने इन्द्रतुल्य पराक्रम को धारण करने वाले इस परमचित्र का अच्छा सत्कार किया था। जब भगवान की अवस्था विवाह के योग्य हुई, तब यह अपनी पुत्री यशोदा को लेकर पुनः आया। वह अपनी पुत्री का विवाह सम्बन्ध महावीर के साथ करना चाहता था किन्तु ऐसा न हो सका, महावीर घर द्वार छोड़कर तप करने चले गए। तब जितशत्रु भी दीक्षा लेकर तप करने लगा। अन्त में मुनि जितशत्रु को केवलज्ञान प्राप्त हुआ।

भगवान महावीर के पश्चात् उनके गणधर सुधर्माचार्य अपने पांच सौ शिष्यों के साथ इस प्रान्त में पधारे। उस समय उण्ड्र प्रान्त के धर्मपुर नगर का राजा यम न्यायपूर्वक प्रजा का पालन करता था। उसको एक रानी धनवती से गदर्भ नामक पुत्र और कोर्णिका नामक पुत्री उत्पन्न हुई। अन्य रानियों से उनके पांच सौ पुत्र थे। वे अत्यन्त धार्मिक थे और संसार से उदासीन रहते थे। एक बार सुधर्माचार्य पांच सौ शिष्यों सहित नगर के बाहर उद्यान में पधारे। नगर के सब लोग आचार्य महाराज के दर्शनों के लिए गये। उन्हें जाता देखकर राजा भी गया किन्तु अपने पाण्डित्य के अभिमान में वह मुनियों की निन्दा करता हुआ गया। मुनि-निन्दा का परिणाम यह हुआ कि तीव्र अशुभ कर्म उदय से उसकी बुद्धि नष्ट हो गयी। राजा को अपनी मूर्खता पर बड़ा दुःख हुआ और वह अपने पापों का प्रायश्चित करने लगा। उसने मुनिराज का उपदेश सुना और प्रभावित होकर अपने पांच सौ पुत्रों के साथ मुनिदीक्षा ले ली। दीक्षा के बाद निरन्तर स्वाध्याय करते रहने के फलस्वरूप सभी मुनियों ने विद्वत्ता प्राप्त कर ली। किन्तु यम मुनि को णमोकार मंत्र का उच्चारण तक करना नहीं आता था। उन्होंने घोर तपस्या करना प्रारम्भ कर दिया। फलतः उन्हें अल्पकाल में ही सातों ऋद्धियां मिल गयीं। एक बार वे धर्मपुर नगर के पास कुमारी पर्वत पर पांच सौ मुनियों के साथ पधारे। वहां सल्लेखना द्वारा समाधिमरण हो गया और वे स्वर्गों में महर्द्धिक देव हुए।

इस घटना से स्पष्ट हो जाता है कि महावीर भगवान के काल में और उनके पश्चात्वर्ती काल में भी कलिंग में जैनधर्म का वयापक प्रभाव था।

फ्रेंच विद्वान गेरिनाट का कहना है कि :

"There can not longer be any doubt that Parsava was a historical personage. According to the Jain tradition he must have lived a hundred years and died 250 years before Mahavira. His period of activity, therefore, corresponds to the 8th Century B. C.

The parents of Mahavira were followers of religion of Parsava the age we live in, there have appeared 24 prophets of jainism. They were ordinary called *Tirthankrs* with the 23rd Parsavnath we enter into the region of History of reality."

(Introduction of his Ersay on Jain Bibliography.)

जैनों के अनुसार अनेक तीर्थंकरों ने प्रत्येक युग में बारम्बर जैनधर्म का उद्योत किया है। (Hem V. V. 50-51)

भौगोलिक परिस्थितियों एवं राजनैतिक कारणों ने इस प्रान्त के इतिहास और विशेषता को निश्चित करने में काफी प्रभाव डाला है। इस लम्बे-चौड़े प्रदेश की सदैव ही एक अलग सत्ता रही। कलिंग के रूप में यह प्रान्त सदैव विश्व भर में चर्चित रहा यहां बहुत कुछ ऐतिहासिक घटा है। इस विस्तृत प्रदेश में एक सजीव और मिली-जुली सभ्यता फली-फूली, जिसमें विस्तार और प्रगति की काफी संभावना थी और जिसमें सुदृढ़ सांस्कृतिक एकत्व बराबर बना रहा। पुरातत्व तीर्थ एवं कला की दृष्टि से जब भी वर्गीकरण किया जाता है, बंगाल, बिहार, उड़ीसा का नाम एक साथ ही आता है। और यह भी सुखद संयोग है कि 'सराक' कहने वाले श्रावक भी इन्हीं तीनों प्रान्तों में हैं। मध्यकाल में इन प्रान्तों में बहुत मन्दिरों का निर्माण हुआ था; पुरातत्त्वावशेष अपनी कहानी स्वयं बता रहे हैं। सम्राट खारवेल के प्रयासों के फलस्वरूप उड़ीसा के अतिरिक्त छोटा नागपुर के आस-पास प्राचीन समय में ही जैन-धर्म और जैन-दर्शन का पर्याप्त प्रचार एवं प्रसार हुआ था। फलतः 8-9वीं शती तक इधर जैनधर्मानुयायियों की स्थिति बनी हुई थी। 11वीं शती से यहां जैनधर्म का ह्रास आरम्भ हुआ। राजनैतिक स्थिति की उलट-फेर के कारण जैनमन्दिरों का ध्वंस किया गया।

जैन धर्मावलम्बियों पर अत्याचार हुए, जिसमें वे विघटित हो गए। जैन यात्रियों का आना-जाना भी कम हो गया और इन प्रान्तों से जैनधर्म जैसे सदा के लिए निर्वासित हो गया। जो लोग यहां रह गए, वे इधर-उधर छितरा गए। समाज की मुख्य धारा से कट जाने के कारण शेष जैन समाज इन्हें भूल गया और ये शेष समाज के साथ-साथ स्वयं को। इस क्षेत्र के ये विशिष्ट जन जिन्हें हम सराक कह रहे हैं, विशेष तथ्य यह है कि निर्वासित जनों के लिए जहां यह कहा जाता है, 'बुभुक्षति किंम् न करोति पापम्'–ये पाप कार्यों से सर्वथा विलग रहे। अभावों के मध्य रहकर भी सर्वाधिक सुरक्षा की अपने संस्कारों की, सामाजिक मान्यताओं की, रीति-रिवाजों की। और सत्य यह कि आज उनकी वही दृढ़ता ही इन्हें पुनः शेष समाज से जोड़ भी सकी है।

प्राचीन कलिंग का भौगोलिक क्षेत्र

उत्तर में उड़ीसा से लेकर दक्षिण में आन्ध्र या गोदावरी के मुहाने तक फैले हुए भू-भाग को कलिंग जनपद कहा जा सकता है। प्राचीन काल में कलिंग जैन-धर्म का प्रमुख केन्द्र रहा है। बंग और कलिंग (उड़ीसा) दोनों में बिहार के समान किसी तीर्थंकर का कोई कल्याणक नहीं हुआ, किन्तु तीर्थंकरों का विहार कलिंग में बराबर हुआ। सत्य है कि अंग, बंग, कलिंग और मगध व्रात्य श्रमणों के केन्द्र थे। तीर्थंकरों के सतत् विहार से इन प्रदेशों में जैनधर्म के सिद्धान्तों का व्यापक प्रचार हुआ। अंग और बंग के समान कलिंग में भी श्री ऋषभदेव जी, श्री पार्श्वनाथजी और श्री महावीर स्वामी का विहार हुआ था।

डा. नागेन्द्र नाथ बसु के अनुसार, श्रीपार्श्वनाथ के काल में मयूरभंज में कुसुम्ब नामक क्षत्रियों का राज्य था। यह राज्यवंश श्रीपार्श्वनाथ जी का अनुयायी था। उन्होंने लिखा है—"भगवान पार्श्वनाथ ने अंग, बंग और कलिंग में जैनधर्म का प्रचार किया था। धर्म प्रचार के लिए वे ताम्रलिप्ति बन्दरगाह से कलिंग में गये। उस समय मयूरभंज में कुसुम्ब नामक क्षत्रिय का राज्य था और वहां राजवंश भगवान पार्श्वनाथ द्वारा प्रचारित धर्म से प्रभावित था।"

(जैन क्षेत्र समाज : डा. नागेन्द्र नाथ बसु द्वारा की गई समालोचना का अंश)

राजशेखर ने काव्य कीमांसा में दक्षिण और पूर्व के सम्मिलित भूप्रदेश को कलिंग माना है। पाणिनि ने भी कलिंग जनपद का उल्लेख किया है।

प्राचीन काल में अपनी सुरक्षित भौगोलिक स्थिति एवं उपजाऊ भूमि के कारण कलिंगवासी अत्यन्त सम्पन्न और सुखी थे। इसके पृष्ठ भाग में अभेद्य पर्वत वन-प्रदेश था। उत्तर में गंगा तथा ब्रह्मपुत्र की उपजाऊ घाटियां थीं। दक्षिण में गोदावरी-कृष्णा का दोआब था। पूर्व में हिन्द महासागर में सुरक्षित बंगाल की खाड़ी थी। विन्ध्य पर्वतमालाओं और समुद्र के मध्य यह प्रदेश एक प्रकार से उत्तरापथ और दक्षिणापथ का प्रवेश द्वार और सजग प्रहरी रहा। अपनी इस भौगोलिक स्थिति के कारण इस प्रदेश ने उत्तर और दक्षिण की सांस्कृतिक थाती के आदान-प्रदान में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभायी है। प्रकृति ने सुन्दर जलवायु, आवश्यक वर्षा, अनेक नदियों आदि के रूप में इसे अपना कोष खुले हाथों से लुटाया है।

प्रकृति ने ही इस प्राचीन कलिंग को तीन भागों में विभाजित कर दिया। पहला भाग मैदानी है। यह दामोदर नदी के पश्चिमी किनारे से प्रारम्भ होता है।

इस भाग में मयूरभंज, केझोंसर और अंगुल के पर्वतीय भू-भाग तथा

रूपनारायन, हल्दी, सुवर्णरेखा, वैतरणी, ब्राह्मणी आदि नदियां सम्मिलित हैं। दूसरा भाग महानदी के दायें तट से प्रारम्भ होता है। इसमें महानदी और गोदावरी के बीच की पर्वतश्रेणियां सम्मिलित हैं, जो समुद्र तट तक चली गयी हैं। इस भाग में ऋषिकुल्या नदी बहती है और इस प्रदेश को दो समान भागों में विभाजित करती हैं। महेन्द्रगिरि के दक्षिण में लोगुलिया नदी के किनारे-किनारे मैदानी भाग हैं। यही इसका तीसरा भाग है। इसी के तट पर कलिंग की प्राचीन राजधानी कलिंग नगर बसा हुआ था।

डा. अमरचन्द्र जैन अर्ली **हिस्ट्री ऑफ उड़ीसा** पृ.-16 पर लिखते हैं--

"इस प्रदेश में उड़िया भाषा बोली जाती है। इसका विकास मागधी अपभ्रंश से हुआ। इसकी विशेषता यह है कि जो लिखा जाता है, वैसा ही उच्चारण होता है। ईसा की तीसरी शताब्दी तक इस प्रदेश के ऊपर प्राकृत भाषा का प्रभाव रहा। इसके पश्चात् उड़िया भाषा का निखार और विकास प्रारम्भ हुआ। मगध और उड़ीसा में भाषागत एकरूपता का कारण सीमाओं का सामीप्य ही है।"

'आवश्यक सूत्र' में लिखा है कि भगवान महावीर ने तोषल में अपने धर्म का प्रचार किया था। तोषल नरेश महावीर के पिता सिद्धार्थ के बन्धु थे। तोषल नरेश ने भगवान महावीर को अपने राज्य में धर्म-प्रचार के लिए आमन्त्रित किया था।

उनके उपदेशों से प्रभावित होकर तोषल नरेश ने कुमारी पर्वत पर भगवान से मुनि-दीक्षा ली और तपस्या करके मुक्ति प्राप्त की। उनके निर्वाण लाभ के कारण कुमारी पर्वत निर्वाण क्षेत्र बन गया है। संभवतः कलिंग (उड़ीसा) में कुमारी पर्वत (खण्डगिरि-उदयगिरि) ही एकमात्र निर्वाण क्षेत्र है। इसके अतिरिक्त अन्य कोई तीर्थ वहां नहीं है।

भगवान महावीर द्वारा प्रचारित धर्म कलिंग में शताब्दियों तक बना रहा। यह धर्म वहां का राष्ट्रधर्म बन गया था। जब महापद्मनन्द कलिंग को पराजित करके 'कलिंग जिन' प्रतिमा को अपने साथ पाटलिपुत्र ले गया, तो समस्त कलिंग शोक सागर में डूब गया। कलिंग जिन की प्रतिमा उनके राष्ट्रदेवता की प्रतिमा थी। वह सम्पूर्ण कलिंगवासियों की आराध्य प्रतिमा थी। इस घटना के प्रायः तीन सौ वर्ष पश्चात् खारवेल ने मगध से इसका बदला लिया। उसने मगध सम्राट वृहिस्तिमित्र को करारी मात दी और कलिंग जिन प्रतिमा को वह अपने साथ ले आया। यह आदिनाथ भगवान की प्रतिमा थी। कलिंगवासी अपने आराध्य को पाकर बहुत प्रसन्न हुए और सम्पूर्ण राष्ट्र ने राष्ट्रीय उत्सव मनाया। खारवेल ने इस अतिशय सम्पन्न मूर्ति को लाकर बड़े उत्सव के साथ विराजमान किया था और इस घटना की स्मृति में उन्होंने एक विजय-स्तम्भ भी बनवाया था।

उड़ीसा नरेश सम्राट खारवेल

खण्डगिरि-उदयगिरि की गुफाएं, जिनकी कुल संख्या 117 है, ई.पू. शताब्दी के अन्तिम चरण में बनी थीं। इनमें से कुछ गुफाएं बाद की भी हैं। इन गुफाओं में उदयगिरि की हाथी गुफा में सम्राट खारवेल द्वारा उत्कीर्ण प्राकृत भाषा का 17 पंक्तियों का एक लेख है। सम्राट अशोक के स्तम्भ-लेखों के पश्चात् यही लेख ऐतिहासिक महत्व का है। इसमें कलिंग सम्राट खारवेल के बाल्यकाल एवं उनके राज्य के 13 वर्षों का व्यवस्थित वर्णन है। खारवेल ने अपने राज्य के द्वितीय वर्ष में सातकर्णी को पराजित किया। फिर कृष्णा नदी के तट पर स्थित अशोक नगर पर अधिकार किया। चतुर्थ वर्ष में विन्ध्याचल में बसे हुए अरकड़पुर के विद्याधरों को जीतकर रथिक और भोजक लोगों को अपने आधीन किया। वे आठवें वर्ष में मगध पर आक्रमण करके गोरथगिरि तक पहुँच गये। गोरथगिरि और राजगृह के घेरे की बात सुनते ही यवनराज देमित्रियस अपनी सेना सहित मथुरा छोड़कर भाग गया। दसवें वर्ष में उत्तरापथ को जीता। ग्यारहवें वर्ष में वह दक्षिण की ओर गया और 113 वर्ष से राज्य के लिए खतरा बने त्रामिल और द्रामिल के राज्य संघ को नष्ट कर दिया। युद्धों की दृष्टि से बारहवां वर्ष था।

इसी वर्ष खारवेल के प्रताप का लोहा मानकर दक्षिण के पाण्ड्य नरेश ने उसका स्वागत-सत्कार किया और हाथी, घोड़े, रत्न, जवाहरात आदि बहुमूल्य भेंटें अर्पित कीं।

इन द्वादशवर्षीय विजयों से वह वास्तव में भारत का सम्राट बन गया। वह अपने को धर्मराज भी कहता था। परन्तु उसने कभी अशोक अथवा अकबर के समान धार्मिक नेता बनने का प्रयत्न नहीं किया। उसके राज्य में सभी को अपने धर्म, विश्वास और मान्यता को मानने की पूर्ण स्वतन्त्रता थी।

अपने राजत्वकाल के अल्पकाल में ही इस अहिंसक धर्मप्रभावक राजा ने प्रजानन के अनेक महत्त्वपूर्ण कार्य किये। धार्मिक दृष्टि से उसका योगदान जैन धर्म के इतिहास का स्वर्णिम पृष्ठ है। कहते हैं, वर्तमान जगन्नाथ पुरी का मंदिर भी राजा खारवेल द्वारा बनवाया हुआ जैन मंदिर ही है। उसने इहलौकिक जीवन को भी यशस्वी बनाया और पारलौकिक प्रयोग में अपने जीवन का शेष समय बिताया।

वसुदेवहिण्डी (पृ.-111) ओघनियुक्ति भाष्य (पृ.-30), ओघनियुक्ति टीका

(पृ.-119) आवश्यक चूर्णि, बृहत्कल्प भाष्य व्यवहार भाष्य से ज्ञात होता है कि कलिंग (उड़ीसा) के राजा खारवेल के अंग मगध से जिन प्रतिमा वापिस लाकर यहां स्थापित की थी। कलिंग की राजधानी कंचनपुर (भुवनेश्वर) थी। यह नगर एक व्यापारिक केन्द्र था और व्यापारी लंका तक जाते थे। कंचनपुर जैन साधुओं का विहार-स्थल था।

इसके अतिरिक्त कलिंग् में पुरी (जगन्नाथपुरी) जैनों का खास केन्द्र था। श्रावकों के यहां अनेक घर थे। बज्रस्वामी ने यहां उत्तरापथ से होकर माहेसरी (महिष्मती) के लिए विहार किया था। उस समय यहां का राजा बौद्धधर्मानुयायी था। बौद्धों का यहां जोर था। पुरी व्यापार का एक बड़ा केन्द्र था और यहां जलमार्ग से माल आता-जाता था। कलिंग का दूसरा महत्त्वपूर्ण स्थान तोसलि था। यहां महावीर ने विहार किया था। तोसलि में एक सुन्दर जिन प्रतिमा थी, जिसकी देख-रेख तोसलिक नामक राजा किया करता था।

खारवेल के राज्यकाल में कलिंग जनपद की बहुत समृद्धि हुई। खारवेल ने अपने प्रबल पराक्रम द्वारा उत्तरापथ से पाण्ड्य देश तक अपनी विजय वैजयन्ती फहराई थी। वह एक वर्ष विजय के लिए निकलता था। दूसरे वर्ष महल बनवाता था, दान देता था तथा प्रजा के हितार्थ कार्य करता था। इस प्रकार कलिंग की प्राचीन समृद्धि का परिज्ञान होता है। आदिपुराण तथा अन्य कथा सम्बन्धी साहित्य से भी कलिंग की समृद्धि एवं धार्मिक आस्था का परिज्ञान होता है। इस श्रेणी के साहित्य से यह भी ध्वनित होता है कि नवम् दशम शतक में कलिंग में बौद्ध और वैदिक प्रभाव व्याप्त हो चुका था।

खारवेल ने लगभग 172 वर्ष ईसा पूर्व, अपने राज्य काल के 13वें वर्ष में जैन साधुओं की एक सभा बुलवाई थी। इस सभा की जानकारी का एकमात्र स्त्रोत हाथी गुफा का अभिलेख ही है। यह सभा विजयचक्र नामक प्रशासकीय खण्ड में कुमारी पर्वत, पर जो उदयगिरि का प्राचीन नाम था, आयोजित की गई थी। इसमें सभी दिशाओं से आये 3500 साधुओं ने भाग लिया था। पर्वत के ऊपर अरहंत की निषिधा के समीप का प्राग्भार सभा-स्थल था। यह प्राग्भार रानी सिन्धुकला द्वारा निर्मित निषिधा से सटा हुआ था। रानी की निषिधा मंचपुरी गुफा की ऊपरी मंजिल रही प्रतीत होती है, जो कि हाथी गुफा के समीप दक्षिण पूर्व को स्थित है। कुछ दशक पूर्व की पुरातात्विक खुदाई से हाथीगुम्फा की छत पर एक पूजा गृह के अवशेष भी प्रकाश में आए हैं, जो सम्भवतः अरहन्त निषिधा के प्रतीक हैं। इस प्रकार मंचपुरी और हाथी गुफा के बीच के स्थल को सभा स्थल चिह्नित किया जा सकता है। सभा मण्डप के सम्मुख एक वैदूर्य मण्डित चौकोर स्तम्भ स्थापित किया

गया था। यह मानस्तम्भ का प्रतिरूप रहा प्रतीत होता है। सभा मण्डप की रचना समवशरण के अनुरूप की गई प्रतीत होती है। इस सभा में द्वादशांग की वाचना की गई थी। साहित्य में 'वाचना' का प्रयोग ऐसी सभाओं के लिए भी किया गया है। हाथी गुफा के शिलालेख नं-15 के अनुसार इस सभा की पुष्टि होती है–

।। सकत समण सुवहितांन च सव दिसानं अननं तपसि इसिन संघियनं अरहत निसीदिया समीमे पाभारे वराकार समुथापिताहि अनेक योजना हिताहि पनतिं साहि सत सहसेहि सिनाहि सिनर्थ भानि च चेतियानि च काराप्यति।।

उड़ीसा में जैन पुरातत्व

कलिंग में जिस समय खारवेल का उदय हुआ था, उस समय वहां जैनधर्म समुन्नत अवस्था में विद्यमान था। खारवेल को वंशानुक्रम से विरासत में जैनधर्म प्राप्त हुआ था। उसे जैन धर्म प्राप्त करने के लिए प्रयास नहीं करना पड़ा था अर्थात् उसे अनायास मिल गया था। इसीलिए सही अर्थों में जैन-धर्म उसके लिए अमूल्य था और उसने उसकी रक्षा भी अमूल्य निधि के रूप में की थी। वह, उसकी रानियां और कुमार जैन-धर्म का प्रचार तीव्रगति से हुआ।

हाथी गुफा का शिलालेख खारवेल की देख-रेख में लिखा गया था। खारवेल के जीवन से परिचित होने का साधन इसके अतिरिक्त अन्य कुछ भी नहीं है। यदि और कोई प्रमाण रहे भी हों तो लगता है, कलिंग और दक्षिण भारत में जैनधर्म के विरुद्ध जो शैव और वैष्णव क्रान्ति भयानक वेग से उठी, उसमें वे सब प्रमाण समाप्त हो गये। इस क्रान्ति के फलस्वरूप अनेक जैन मन्दिरों पर दूसरों ने अधिकार करके अपना बना लिया। अनेक तीर्थकर मूर्तियां जैनेतर देवताओं का रूप धारण करके देवायतनों में विराजमान कर दी गई हैं किन्तु आश्चर्य है कि खण्डगिरि और उदयगिरि की ये गुफाएं सुरक्षित रहीं।

उदाहरणार्थ, मयूरभंज के बालासर नगर से दक्षिण पूर्व में स्थित भीमपुर ग्राम में एक वृक्ष के नीचे भगवान महावीर की 2 मूर्तियां रखी हुई हैं, जिनको वहां के लोग दुर्गा देवी आदि कहकर पूजते हैं। यह मूर्ति जमीन खोदने पर मिली थी। दूसरी नग्न प्रतिमा को गांव के लोग ठकुरानी कहकर पूजते हैं।

भीमपुर के पास स्थित एक ग्राम का नाम वर्द्धमानपुर है, वहां भी जैन प्रभाव के चिह्न पाये जाते हैं ये सब चिह्न स्पष्ट साक्षी हैं कि उड़िसा में जैनधर्म उन्नतिशील अवस्था में था।

जैन मन्दिरों, कलाकृतियों, प्रतिमाओं के ध्वंसावशेषों की जो युवा सम्पदा आज की उड़ीसा में विद्यमान है, वह महत्त्वपूर्ण होने के साथ-साथ विस्मयकारी भी है। यहां आयुधशालाओं और मन्दिरों का अद्भुत संगम है, वह इतिहास का स्वर्णिम पृष्ठ है। व्यक्तिगत रूप से बनवायी हुई खारवेल की जैन गुफाएं हमारी अमूल्य निधियां हैं। उड़ीसा के अनेक मन्दिर, जिन पर आज अजैनों का अधिकार है, जैन-धर्म के शिल्प और वास्तुकला के प्रत्यक्ष प्रमाण हैं। यहां स्थान-स्थान पर पुरातत्व

का बिखरा कोष संरक्षण और शोध की प्रतीक्षा में मूक क्रन्दन कर रहा है, जिससे इतिहास व संस्कृति की अनेक विलुप्त कड़ियां संजोयी जा सकें।

यह स्वाभाविक जिज्ञासा का विषय है कि उड़ीसा में इतना विपुल कला वैभव किन परिस्थितियों में एवं किन संस्कृति संरक्षक श्रावकों के हाथों पल्लवित हुआ। ईसा पूर्व की ललित कलायें अपने स्थापत्य एवं प्रतिमाकाल के इतिहास में विशेष महत्व की हैं। इतिहास साक्ष्य है कि कि बिहार और उड़ीसा के बीच सशक्त सम्पर्क था। पुरी और कटक में जो प्राचीन जैन मूर्तियां हैं, उनका अनुमानित काल ईसा की प्रारम्भिक शताब्दियां हैं। कुछ मूर्तियां आठवीं-नवीं शताब्दी की भी हैं। उड़ीसा के अतसपुर, मयूरभंज, अयोध्या, नीलगिरि स्थानों पर ईसा पूर्व शताब्दी तक की मूर्तियां उपलब्ध होती हैं। ये मूर्तियां जहां बिखरी पड़ी हैं, वहां जैन मन्दिरों के चिह्न भी मिलते हैं, अतः असंदिग्ध रूप से ये मन्दिर भी इसी काल के थे।

भुवनेश्वर के राजकीय संग्रहालय में भी पाषण और धातु की कुछ जैन मूर्तियां सुरक्षित हैं। ये प्रायः सभी मूर्ति आठवीं शताब्दी तक की मानी गयी हैं।

सत्य यह है भुवनेश्वर, कटक, पुरी के स्थलों पर जैन-धर्म का प्रभाव स्पष्ट दिखता है—चाहे वह मूर्तिकला हो, वास्तुकला, साहित्य या जनजीवन ही क्यों न हो। रंगिया तांती जनजीवन की प्रमुख ऊर्जा है, जहां से चिन्तन का संचार होता है। इनके धार्मिक उत्सव एवं सामाजिक कार्यक्रम स्वयं ही निकष हैं जो इन्हें सम्पूर्ण प्रादेशिक सोच-समझ, आचार-विचार से पृथक किए रही है।

उड़ीसा के भुवनेश्वर की गुफाओं में भी जैन चित्र अंकित हैं। चित्रों के सौन्दर्य और भावाभिव्यंजना अद्भुत है। भित्ति-चित्रों की परम्परा जैनों में बहुत समय तक चलती रही। इन चित्रों में बाह्य आकर्षण, प्रकृति का सादृश्य, उसकी रमणीयता, कम्पन और नैसर्गिक प्रवाह वर्तमान है।

भण्डारकर का पूर्व इतिहास : (सन् 1896 के पृष्ठ के 59 के अनुसार) 8वीं से 11वीं शती तक दक्षिण में जैनी बहुत प्रभावशाली थे। यहां के शिलालेख के अक्षर उस समय के अक्षरों से मिलते हैं। लेकिन यह स्पष्ट ज्ञात नहीं होता कि किस प्रकार जैनियों ने अपना अधिकार खोया। परन्तु यह मालूम होता है कि वैष्णवों की उन्नति होने से जैनियों का प्रभाव घटा। ताड़पत्रों के लेखों से प्रगट है कि ब्राह्मण चारणों की प्रेरणा से गंगराजा ने जैनियों को बहुत सताया।

एम. एम. चक्रवर्ती के सन् 1902 में गुफाओं पर लिखे आलेख में लिखा है—'अंग्रेजी राज्य में कटक के जैन परिवारों ने खण्डगिरि के ऊपर एक मन्दिर बनवाया तथा बारहभुजा और त्रिशुल गुफा के बरामदों को दुरुस्त कराया और इन दोनों गुफाओं के सामने एक छोटा मन्दिर बनवाया।'

उड़ीसा का सराक क्षेत्र पुरातत्त्व की दृष्टि से अभावग्रस्त क्षेत्र नहीं है। किसी प्रदेश को समृद्ध बनाने वाले जितने तत्व होते हें, वे उसके पास बहुतायत में हैं। संस्कृति के विभिन्न पक्षों की इस क्षेत्र के पास एक भव्य विरासत है और उसकी सामर्थ्य संस्कृति की दिशा में बहुत बड़ी है—बस संस्कृति को संरक्षित रखने वाले आयतनों की आवश्यकता है। इन उपकरणों से वंचित रहने का अभाव पूरा हो सकता है। यदि यहां के निवासियों की जीवन-शक्ति व सांस्कृतिक सामर्थ्य जागृत हो जाए तो यह कार्य असाध्य नहीं है। नया भविष्य बनाने के लिए आज आगे बढ़ना है। वस्तुतः यह अपना ही दोष एवं शिथिलता रही कि अपने सम्मुख अपनी संस्कृति का ह्रास देखा। आज समय परिवर्तित हो रहा है। इस प्रान्त के नागरिकों का स्वाभिमान जग विख्यात है। इस क्षेत्र की संस्कृति और परम्परा पर प्रत्येक अहिंसा प्रेमी को गर्व है। यही तो वह क्षेत्र है, जहां साम्राज्यवादी अशोक महान् भिक्षुवत् बन गया था।

उड़ीसा में जैन-धर्म के प्रभाव के विषय में इतिहासविद् कहते हैं कि भगवान पार्श्वनाथ से अर्थात ईसा पूर्व आठवीं शताब्दी से खारवेल के समय तक अर्थात् ईसा पूर्व प्रथम शताब्दी तक (सात सौ वर्षों तक) कलिंग जैन धर्म का प्रभाव अक्षुण्ण रहा। हाथी गुफा के शिलालेख के अनुसार खारवेल और उनके परिवार ने अपने राज्य के तेरहवें वर्ष में कुमारी पर्वत पर जैन साधुओं के ध्यानादि के लिए गुफाओं का निर्माण कराया और वहां सभी दिशाओं के विद्वानों और तपस्वी साधुओं का सम्मलेन किया।

खारवेल के शासक के बहुत पहले से ही जैनधर्म कलिंग का राष्ट्र-धर्म था।

डा. काशी प्रसाद जायसवाल आदि कुछ इतिहासकारों का मत है कि शकों के आक्रमण के पहले उज्जयिनी में जिस गर्दभिल्ल के चौदह वर्ष के राज्य का जैन अनुश्रुति और पुराणों में उल्लेख है, वह खारवेल का कोई वंशज था। हिन्दू पुराणों के अनुसार सात गर्दभिल्ल राजाओं ने 72 वर्ष तक राज्य किया।

हजारों मुद्राएं इस प्रान्त के विभिन्न स्थानों से भू-उत्खनन में निकली हैं। इन्हें देखकर डा. नवीन कुमार साहु अन्य कई इतिहासकारों ने यह स्थापना की है कि ये राजा मुरुण्ड वंश के थे। ये मुरुण्डवंशी राजा जैन-धर्म के अनुयायी थे। अतः इनके शासनकाल में कलिंग में जैन-धर्म का प्रभाव बना रहा। ग्रीक इतिहासकार टोल्मी के अनुसार, द्वितीय शताब्दी में मुरुण्डवंशी राजा जैनधर्म के अनुयायी थे, अतः इनके शासन काल में जैन-धर्म का प्रभाव बना रहा। इनके राज्य का विस्तार तिरहुत से गंगा नदी के मुहाने तक रहा है। इन मुरुण्ड राजाओं का वर्णन 'सिंहासन द्वात्रिंशिका, वृहत्कल्पतरु, अभिधान राजेन्द्र कोष भाग दो आदि जैन ग्रन्थों में भी

पाकबीरा

पाकबीरा

पाकबीरा

पाकबीरा

बाकबीरा

श्री छोटा मन्दिर जी श्री मूल वेदी इसमें १ ही वेदी है। भगवान १००८ श्री पार्श्वनाथ जी मूल नायक विराजमान हैं। जावलिया पट्टी चौधरी बाजार, कटक

बाकबीरा

पाकबीरा

पाकबीरा

बाकबीरा

यह गुफा श्री खन्डगिरी जी पहाड़ पर है, इस गुफा का नाम बाराभुजी गुफा है, इस मे २४ तीर्थंकरो की पदमासन प्रतिमा हैं ये सब पहाड़ मे खुदी हुई है। इनके नीचे सब की शासन देवियां भी अंकित है।

बाकवीरा

पाकबीरा

चाकबीरा

पाकबीरा

पाकबीरा

पाकबीरा

याकबीरा

बाकबीरा

श्री बड़ा मन्दिर जी की मूल वेदी भगवान १००८ श्री चन्द्र प्रभुजी
की मूल नायक प्रतिमा विराजमान है। चौधरी बाजार, कटक

बाकबीरा

बाकबीरा

पाकबीरा

उपलब्ध होता है। मुरुण्डों के पश्चात यहां गुप्तों का शासन रहा। गुप्तोत्तर काल में कलिंग में गंगवंश, कगोदर, शैलोद्भव वंश, तोषल का भौमवंश, खिलजी का भंज वंश और कौशलोत्कल का सोमवंश, इन राजवंशों का शासन रहा। ये राजवंश प्रायः शाक्त शैव या वैष्णव धर्मानुयायी थे। इस काल में भी खण्डगिरि-उदयगिरि जैन-धर्म के केन्द्र थे। इसी काल में खण्डगिरि की नवमुनि गुफा, बारभुजी गुफा और ललाटेन्दु केसरी गुफा का निर्माण हुआ। उड़ीसा के अनेक स्थानों जैसे आनन्दपुर (दुझर), चोहार (कटक), घुमुसर (गंजाम), नवरंगपुर (कोरापुट) और पुरी की प्राचीन उपत्यका में उत्खनन के फलस्वरूप जैन-धर्म सम्बन्धी बहुमूल्य पुरातत्त्व की सामग्री प्राप्त हुई है, वह सब मध्य युग की है। इससे ऐसा प्रमाणित होता है कि मध्य युग में जैनधर्म का प्रभाव उड़ीसा में अप्रतिहत था।

इसी काल में प्रसिद्ध सोमवंशी राजा प्रद्योत केशरी, जिन्हें ललाटेन्दु केशरी भी कहते हैं, ने शिवभक्त होते हुए भी जैन साधुओं के लिए ललाटेन्दु केशरी गुफा का निर्माण कराया। इसी के शासन-काल में मुनि कुलचन्द्र के प्रख्यात शिष्य आचार्य शुभचन्द्र तीर्थयात्रा के लिए खण्डगिरि आये और उन्होंने यहां जैन-धर्म का प्रभाव बढ़ाने का प्रयत्न किया।

प्राचीन इतिवृत्त

गजेटियर (प्रकाशित 1908) में पुरी जिले की भौगोलिक सीमाएं इस प्रकार है—

उत्तर में देशी राज्य बंकी और सथगढ़, पूर्व व उत्तर पूर्व में कटक जिला, दक्षिण-पूर्व और दक्षिण में बंगाल की खाड़ी, पश्चिम में मद्रास का गंजाम जिला और रामपुर राज्य है। यहां भूमि 1473 वर्गमील है।

इसका इतिवृत्त कुछ इस प्रकार है—

राजा अशोक के विजय के पूर्व उड़ीसा देश कलिंग में शामिल था, अशोक ने 261 वर्ष पूर्व उड़ीसा और कलिंग को अपने राज्य में मिला लिया। अशोक के लेख धौली पहाड़ी पर हैं, कलिंग में दो शिलालेख हैं। अशोक के समय में राज्य के प्रबन्धक तोशाली में रहते थे। यह स्थान शायद वर्तमान भुवनेश्वर से निकट है जो धौली से और खण्डगिरि की प्राचीन गुफाओं से दूर नहीं है। यह सुनिश्चित है कि मौर्य राजाओं के समय में इस जिले में बहुत से जैनी वास करते थे क्योंकि खण्डगिरि और उदयगिरि की पहाड़ियां साधुओं के निवास योग्य गुफाओं से चारों ओर से भरी हुई हैं। इनमें से कुछ गुफाओं पर शिलालेख भी मिले हैं जो ब्राह्मी लिपि में हैं। हाथी गुफा में जो शिलालेख है, उससे भी यह स्पष्ट है। इस लेख में प्रारम्भ में णमोकार मंत्र है।

स्वर्गपुरी की गुफा से स्पष्ट है यह गुफा अर्हंतों की कृपा से देश के राजा की मुख्य पटरानी ने बनवाई थी।

यह लेख यह भी स्पष्ट करता है कि मौर्य राज्य के पतन पर कलिंग देश ने विरोध किया और स्वतन्त्र राज्य हो गया। यह लेख जो सन् ईसा से पूर्व 158 या 153 वर्ष का प्रतीत होता है। राजा खारवेल ने कलिंग देश केवल स्वतन्त्र ही नहीं किया अपितु इस योग्य भी बना दिया कि वह दूसरों पर भी विजय प्राप्त कर सके। पृष्ठ 88 पर लिखा है कि यहां जैन-धर्म बहुत सफलता से फैला हुआ था क्योंकि राजा खारवेल और उसके उत्तराधिकारी जैन-धर्मी थे। मौर्य राज्य के नष्ट होने पर यह जैन-धर्म 11वीं व 12वीं शती तक यहां जारी रहा। अब इस जिले में नहीं है। परन्तु इस धर्म के चिह्न खण्डगिरि और उदयगिरि पर शेष मिलते हैं। ये दोनों पहाड़ियां सन् ईसा से पूर्व तीसरी या चौथी शती में बनी होंगी। इन गुफाओं में

पार्श्वनाथ स्वामी की पूजा श्री महावीर स्वामी की अपेक्षा अधिक प्रचलित मालूम पड़ती है।

यहां प्राचीन श्रावक हैं–पृष्ठ-85

सन् 1908 की जनगणना जिसका वर्णन गेट साहब ने किया है, इस जाति के विषय में लिखा है–सराक 'श्रावक' शब्द से निकलता है। श्रावक संस्कृत शब्द है जिसका अर्थ 'सुनने वाले' है।

जैनियों में यह शब्द उन गृहस्थियों के लिए दिया जाता है जो यातियों से भिन्न हैं तथा जो लौकिक व्यापार करते हैं। श्रावक लोग अब भी पाये जाते हैं– समय बीतने से यहां के सराक लोगों ने आजीविका के लिए कपड़ा बुनने का व्यवसाय अपनाया। इस उड़ीसा के श्रावकों का यही व्यवसाय है। ये लोग बहुधा सराक तांती के नाम से कहे जाते हैं।

उड़ीसा में इनकी विशेष बस्ती निम्न चार स्थानों पर हैं–

1. टाइगारिया राज्य में,
2. बरम्बा राज्य में,
3. कटक के बंकी थाने में,
4. पुरी के विरली थाने में।

जैन शास्त्रों में कलिंग देश में जैन-धर्म के अस्तित्व की बातें पाई जाती हैं, इसलिए यह उड़ीसा देश श्री पार्श्वनाथ स्वामी के समय में भी जैन-धर्म के प्रभाव से व्याप्त था। यही कारण है कि खण्डगिरि कि गुफाओं में श्री पार्श्वनाथ स्वामी की मुख्यता पाई जाती है। यहां जैनाचार्य और जैन साधुओं का श्रावकों का बराबर प्रचार रहा है। ऐसा नहीं कि राजा चन्द्रगुप्त के समय में ही यहां जैन धर्म प्रारम्भ हुआ हो–यहां जो प्राचीन जैन मूर्तियां हैं, उन सबसे दिगम्बर जैन-धर्म के प्रचार की पुष्टि होती है। इस उड़ीसा प्रान्त में श्री ऋषभदेव की मूर्तियां भी बहुत मिलती हैं।

उड़िया की रंगिया (सराक) जाति

रंगिया जाति की विशेषताएं अथवा इनके लक्षण स्वतः सिद्ध करते हैं कि ये जैन आचारसंहिता के पोषक रहे हैं। इनके आचरण ही इनके संस्कारशील होने के ज्वलन्त प्रमाण हैं–

यही जाति पुरी-कटक-बरहमपुर-गंजाम जिलों में लाखों की संख्या में है। कलिंग युद्ध के समय के जनसंख्या के आंकड़ों के अनुसार भी हम देखें तो अशोक के आक्रमण-काल में कलिंग की कुल जनसंख्या 75 लाख थी। दो वर्ष तक यहां युद्ध चला था। अशोक ने अपने शिलालेख नं. 13 में स्वीकार किया है कि कलिंग युद्ध में एक लाख व्यक्ति मारे गये, डेढ़ लाख बन्दी बनाये गये और बाद में इससे कई गुना मरे।

इतिहासकारों ने यह भी निष्कर्ष निकाला है कि कलिंग के जिस राजा के साथ अशोक ने युद्ध किया था, निश्चय ही वह एक जैन राजा था। अशोक ने अपने 13वें अनुशासन में यह भी स्वीकार किया है कि कलिंग युद्ध में श्रमण और ब्राह्मण उभय सम्प्रदाय के लोगों ने दुःख उठाये थे। अशोक ने जिनको श्रमण कहा है, वे वस्तुतः जैन ही थे।

आज उड़ीसा के जिन जनपदों/ग्रामों में उत्खनन के फलस्वरूप पुरातत्व सम्बन्धी सामग्री प्रचुरता से मिली हैं, ये सब स्थान वही हैं जहाँ जैन राजाओं की राजधानी का कार्य क्षेत्र रहा है।

इस प्रान्त में सराकों की दो जातियां हैं- एक रंगून तांती दूसरी सराक तांती। रंगूनी तांती के लोग आचरण में अधिक दृढ़ हैं। इसे रंगिया भी कहते हैं। चूंकि ये अधिकतर कपड़ा रंगने का कार्य करके आजीविका चलाते हैं, अतः रंगिया कहलाते हैं।

उड़ीसा प्रान्त की रंगिया (पूर्व जैन) जाति की विशेषताएं–

1. यह जाति पुरी-कटक-बरहमपुर, गंजाम आदि अनेक जिलों में लाखों की संख्या में है। इसका मुख्य कारण यही है कि उड़ीसा प्रान्त को सौभाग्य से जैन-धर्म संरक्षक राजा मिलते रहे हैं।

2. श्री खण्डगिरि-उदयगिरि की यात्रा वर्ष में एक बार अवश्य करते हैं।

3. कपड़ा बुनने का काम करते हैं, धागा भी रंगते हैं, रंग का पानी सन्ध्या के बाद पात्र में नहीं छोड़ते, उसे मिट्टी में मिला देते हैं।

4. जल छान कर पीते हैं, प्रत्येक कार्य में छना जल प्रयोग में लाते हैं।

5. रात्रि भोजन कुछ नहीं करते।

6. प्याज, लहसुन, मांस, मछली का प्रयोग नहीं करते, शुद्ध शाकाहारी हैं।

7. अपनी जाति में ही शादी-विवाह करते हैं।

8. विधवा विवाह नहीं करते हैं।

9. बाजारों में, होटलों में भोजन नहीं करते, अपने घर का ही बना भोजन करते हैं।

10. समस्त झगड़े आपस में ही सुलझा लेते हैं, मुकदमा आदि नहीं करते हैं।

11. तीर्थयात्राएं खण्डगिरि-उदयगिरि, काशी, पुरी की करते हैं।

12. रंगीन गेरुआ वस्त्र पहनते हैं।

13. 10 और 13 दिन का सूतक-पाठ मानते हैं।

14. मासिक धर्म की शुद्धि 5 दिन की मानते हैं; स्त्रियां 5 दिन बाद भोजन बनाती हैं।

15. 'पाणिपात्र' साधुओं के उपासक हैं, उन्हें भोजन कराकर प्रसन्न होते हैं।

16. पशु पालक हैं।

17. पंचायत प्रथा के उपासक हैं; उसके विधान को मानने वाले हैं।

18. गुरुभक्त हैं, ब्राह्मणों के हाथ का भोजन नहीं करते है, उन्हें खिलाते हैं।

19. लड़कों के समान लड़कियों को भी पढ़ाते हैं।

20. सत्संग के इच्छुक हैं, विद्वानों का सम्मान करते हैं।

21. उड़िया भाषी हैं। उड़िया भाषा में जैन साहित्य चाहते हैं।

22. नग्न गुरु को वह 'अलक' कहते हैं। यह गुरु अर्द्ध लंगोट बांधते हैं, मोर का पंखा, नारियल का कमण्डल रखते हैं। एक बार ही भोजन, पानी, दवा आदि लेते हैं।

23. कार्तिक वदी 15 (अमावस्या) को दीपक जलाकर आपस में लड्डू बांटते हैं। उसे मुक्ति दिवस या ज्ञानप्राप्ति दिवस कहते हैं।

इन विशेषताओं से स्पष्ट परिलक्षित है कि ये रंगिया जाति पूर्व की जैन जाति है। इनके गुरु 'अलक' हमारे 'ऐलक' वत् ही हैं। 'पाणिपात्र आहारी' हमारे निर्ग्रन्थ साधुओं को ही कहा गया है। 'अलक' साधुओं के हाथ में मयूर पिच्छकी व

कमण्डल हमारे साधुओं के ही शौच-संयम के उपकरणवत् हैं। चौका-शुद्धि व आचार-विचार श्रावकाचार की ही धारा से अनुस्यूत हैं। कार्तिक वदी अमावस्या को निर्वाण दिवस व ज्ञान दिवस दोनों ही कहा जा सकता है। भगवान महावीर को निर्वाण प्राप्ति एवं गौतम गणाधार को ज्ञान-प्राप्ति हुई थी। जैन इस दिन को इसी रूप में मनाते हैं, दीप जलाते हैं, लड्डू चढ़ाते हैं।

गोत्र—यहां की जाति के गोत्र काशीनाग, जिगनेश, साहू, काश्यप, वागेश्वर, श्री कृष्ण आदि हैं।

टाइटिल—ये अपने नाम के साथ साहू, नायक, पात्र, महापात्र, साथरा, बेहरा, दास, राउत आदि लिखते हैं। वर्तमान सर्वेक्षण रिपोर्ट में कटक आदि जिलों के लगभग 25 ग्रामों का सर्वेक्षण कराया गया। पूज्य उपाध्याय श्री जी की प्रेरणा से उड़ीसा गए हुए युवकों ने उत्साहपूर्वक बताया कि सभी ग्रामों में उनको अपनत्व मिला तथा ग्रामवासी प्रसन्न हैं। वहां कुछ पूर्वजों को अभिज्ञात है कि वे जैनत्व के पोषक रहे हैं। वे कहते हैं कि साधुओं के विहार आदि न होने से एवं इस क्षेत्र में मन्दिर न होने से वर्तमान पीढ़ी में धर्म के प्रति शिथिलता आई है। वे भूलते जा रहे हैं कि वे पूर्व में जैन थे।

इसी प्रकार नोमागढ़ के 25, गंजाम के 22, पुरी के 29, खुर्धा के 26 तथा निकटवर्ती सराक क्षेत्रों के 84 ग्रामों का सर्वेक्षण किया गया। यहां कुल घर 5304 में 38,504 की जनसंख्या है (सम्पूर्ण विवरण पृष्ठ सर्वेक्षण तालिका में संलग्न है)।

उड़ीसा के तीन जिलों की सर्वेक्षण रिपोर्ट यह प्रमाणित करती है कि सराक क्षेत्र कितना व्यापक है, उसका विस्तार कितना गम्भीर है, उसकी समस्याएं कितनी जटिल हैं। उसको पुनः प्रतिष्ठापित कर समाज की मूल धारा से सम्पृक्त करने में कितने अध्यवसाय और सावधानी की आवश्यकता है। यह सहज ही अनुमान लगाया जा सकता है कि यह कार्य टीम भावना से हो तो शीघ्र ही हो जाएगा। यदि सराकों को अपने जैनधर्म से पुनः प्रेम हो गया तो यह न केवल जैन जगत की नवीन प्रतिष्ठा करने में समर्थ होगा, अपितु उन्हें और समस्त समाज को अतीत गौरव का सम्यक् ज्ञान कराएगा। उन्हें उनके स्वरूप, वर्तमान क्षमताओं एवं स्थायी मूल्यों का अहसास करायेगा तथा उनकी परम्परा के भविष्य को सुरक्षित कर प्रशस्त बनायेगा। इतिहास के निर्माण, सर्वाधिक कला विकास में, राजनीत्ति में पर्याप्त प्रभुत्व में जैनों की महत्वपूर्ण देनों का तथा उनके अस्तित्व के औचित्य का सही मूल्याकंन तभी हो सकेगा। अतएव सराकोद्धार का यह महान कार्य केवल जैनों की ही दृष्टि से आवश्यक नहीं है, अपितु भारतीय एवं विश्व इतिहास की दृष्टि से भी परमावश्यक है।

सराक समस्या के समाधान हेतु जैनत्व में अभिरुचि रखने वाले विद्वानों, पुरातत्वविदों, समाजशास्त्रियों, इतिहासविदों का पूर्ण समर्पण, श्रम, समय और सहिष्णुता चाहिए। इस समस्या के अनेक पहलू हैं यथा सामग्री की सतत एवं अध्यवसायपूर्वक खोज, उसका एक भी करण, सम्यक् विश्लेषण सावधानीपूर्वक जांच-पड़ताल एवं तुलनात्मक परीक्षण, प्रमाणसिद्ध तथ्यावली का सुनियोजित वर्गीकरण, तदनन्तर उसके आधार पर सराकों का हृदय परिवर्तन तथा शेष समाज में सराकों के प्रति आस्था एवं समर्पण का जागरण। इनमें से प्रत्येक पहलू के भी अपने-अपने पहलू हैं। इसके अतिरिक्त इस क्षेत्र के पूर्वाग्रहों, रूढ़ विश्वासों और कभी-कभी अज्ञानता अथवा प्रमादजन्य उपेक्षा या उदासीनता के निमित्त से बन गई धारणाओं का निरसन करना भी पर्याप्त दुष्कर है। स्वयं जैनों की अपनी साम्प्रदायिक मनोवृत्ति, दिगम्बर-श्वेताम्बर मतभेद, विचारों, विश्वासों और मतभेदों का मुकाबला करना भी कम कष्टसाध्य नहीं है। आवश्यकता है सराक जाति के इतिहास पर समुचित शोध की।

प्रत्येक जाति का अपना कुछ न कुछ इतिहास है, जो कुछ भी वर्तमान है वह अपने सम्पूर्ण अतीत का ही परिणाम है—पूर्व में वर्तमान के बीज विद्यमान थे। उन सबका विकसित रूप ही वर्तमान है। अतएव वर्तमान स्वरूप को समझने के लिए उसके अतीत का ज्ञान एवं मूल्यांकन अनिवार्यतः आवश्यक है। उसके इतिहास की सम्यक् जानकारी द्वारा उसके वर्तमान स्वरूप एवं स्थिति को समझकर ही उसके भविष्य का निर्माण भली भांति किया जा सकता है। बिना उसकी क्षमताओं, आचार-विचार, सामाजिक मान्यताओं, अन्तर्निहित शक्तियों एवं भावनाओं, उसकी आशाओं और आकांक्षाओं की जानकारी के अभाव में समुचित प्रस्तुतीकरण एवं विश्लेषण के अभाव में वर्तमान एवं भावी अस्तित्व का औचित्य खतरे में रहता है।

यूनानी इतिहासकार कहते हैं—इतिहास निर्जीव, नीरस घटनावली या काल-क्रमणिका मात्र न होकर समाज और उसकी संस्थाओं, आचार-विचारों एवं प्रवृत्तियों के स्वरूप तथा विकास की अन्तरझांकी का यथार्थ दस्तावेज होता है। इतिहास के न्यायालय में किसी व्यक्ति, जाति या राष्ट्र का मूल्यांकन उसकी यौद्धिक विजयों, शक्ति या विस्तार वैभव अथवा आर्थिक समृद्धियों, विश्व की सफलताओं के आधार पर नहीं होता, वरन, उनके कार्यकलापों द्वारा होता है, जो उन्होंने मानव मस्तिष्क, बुद्धि और ज्ञान के विकास के हित में किए हैं, मानव जाति को सुखी बनाने के उद्देश्य से किये हैं, उनकी मानवीय, क्षमताओं को प्रस्फुटित एवं चरितार्थ करने के लिए किए हैं और भावी संतति के हृदयों को आशान्वित करने, उनके मार्ग को प्रशस्त बनाने और मानवी सभ्यता की प्रगति को वेगवान बनाने के लिए किए

हैं। अस्तु: जाति विशेष का इतिहास उसका सम्पूर्ण अतीत जीवन चरित्र होता है, जिसमें उसकी राजनीतिक, आर्थिक, सामाजिक, साहित्यिक, कलात्मक धार्मिक एवं सांस्कृतिक प्राप्ति का सर्वतोन्मुखी सांगोपांग चित्रण होता है। काल के पथ पर उत्तरोत्तर उग्रसर होते हुए उसने जो ऊंच-नीच देखे हैं, जो-जो मोड़ लिए हैं, विश्व की सुख-शान्ति और मानव के उन्नयन में जो कुछ योगदान दिये हैं—उन सबके निष्पक्ष, संवेदनशील, क्रमिक विवरण इतिहास प्रदान करता है और यह ऐतिहासिक विवेचन विश्लेषणात्मक भी होता है और संश्लेषणात्मक भी।

पूज्य उपाध्याय श्री का उड़ीसा में प्रवेश

जून '92 से जनवरी '93 तक पूज्य उपाध्याय श्री के चरण जैसे जैन संस्कृति के नये क्षितिज के निर्माण हेतु बढ़ चले। युगान्तरकारी उनकी करुणा अब सार्वभौम हो गई। धर्म की सत्य परिभाषा का उद्‌घाटन सन्त की सही व्यापकता एवं विराटता प्रयोग से ही अधिक स्पष्ट होती है—जिनका जीवन दर्शन ही कठोर साधना का मुखापेक्षी है, ऐसे दिगम्बर साधु को सुख-सुविधा का तो मोह होता नहीं। राजप्रासाद हो या श्मशान, महानगर हो या ग्राम—सब समान हैं उनके लिए—अतः सम्पूर्ण समाज की अंतरंग चेतना के प्रतिनिधि रूप, बाधाओं से जूझते हुए उस धर्मपरायण कर्मस्थली पर पहुंचे, जहां एक मौन संवेदना को स्वर चाहिए थे, जहां गिरते अवशेषों को पुनर्निर्माण चाहिए और जहां चाहिए पथभ्रमितों को एक सही, सीधा-सपाट उनका पुराना विस्मृत गौरव पंथ ! उनका विहार समस्त प्राणीमात्र के लिए सदैव कल्याण कर रहा ही है। पूर्वजनित संस्कारों से किसी-किसी को अपूर्व ही लाभ मिल जाता है—ऐसा ही कुछ हुआ सराक बन्धुओं के साथ—वही सराक बन्धु, जिन्हें हम भूल चुके हैं और वे हमें—तथा साथ ही अपनी संस्कृति के नाम को। संस्कार है कि उसी आचरण का पालन कर रहे हैं पर सराक बनकर, श्रावक बनकर नहीं। उन्हें यह स्मरण नहीं रहा है कि श्रावक का अपभ्रंश रूप है 'सराक'। पर जैसे कि सर्वविदित है, पूज्यवर के व्यक्तित्व ही में एक सांस्कृतिक गरिमा है। उनकी चेतना जीवन्त है, उनकी व्यापकता में असीम सृष्टि और असीम युग सर्वात्म हो जाता है। उसके बौद्धिक संतुलन ने स्पष्टतया जाना और देखा कि सराकों के उद्धार से ही समग्र जैनत्व का उद्धार संभव है। ये पुरातन गरिमा के जीवन्त अवशेष हैं। इनके माध्यम से ही धार्मिक एवं सांस्कृतिक गौरव पुनर्जीवित होकर इन प्रान्तों को पुनः इनके तीर्थंकरों के जन्म, तप और विहार का स्मरण करायेगा तथा इन्हें पुनः अपने गौरवमयी इतिवृत्त का स्मरण होगा।

सही बात है, यथार्थ की दृष्टि जितनी गहरी और पैनी होगी, आदर्श की क्रान्ति उतनी ही प्रखर और आकर्षक होगी। जो जीवन को जितनी दृढ़ता से पकड़ेगा, आस्था में ग्रहण करेगा, वह उतनी ही दृढ़ता से, उतने ही विश्वास से जीवन के यथार्थ को कह पाएगा और आदर्शों को स्पर्श कर पाएगा।

उपाध्याय श्री का वात्सल्य इस क्षेत्र के सूनेपन, सांस्कृतिक बिखराव, धर्म-

विमुखता के मूल कारण को जानना चाहता था। उन्होंने जागरूक और पुरुषार्थी होकर स्वयं अपनी दृष्टि से सब देखा, परखा; सराकों को देख-देख कर उनका दर्द, उनकी धर्मानुरागी करुणा बूंद-बूंद इकट्ठा होकर भरती गई। गया एवं रांची के दो वर्षों प्रवास सम्पन्न होने के अनन्तर आपका विहार अन्ततः हो ही गया, उड़ीसा की ओर—बंगाल विहार को जब चरण रज पवित्र कर चुकी थी तो भला उड़ीसा अछूता कैसे रहता है ? इन तीनों प्रान्तों ने उत्स और अवसाद, उत्थान और पतन प्रायः देखा ही एक साथ है, इसीलिए यहां तो पूज्य प्रवर का विहार होना ही था। रांची से राउरकेला होते हुए श्री गुरुदेव ने खण्डगिरि, उदयगिरि की ओर विहार किया। रांची के युवक विशेषतः सराक युवकों ने तो जैसे अपनी इस पीढ़ी को सर्वदा इस कलंक से बचा लिया कि एक दिगम्बर साधु के विहार में इन्होंने उपेक्षा रखी। इनके पूर्वजों ने भगवान महावीर और पार्श्वनाथ के विहार में क्या साथ दिया होगा ! अब तो स्थिति विचित्र थी। सराकों को साथ चलता देख उनके अन्य मित्र, परिचित विस्मित और चकित थे कि क्या ये जैन हैं ? पर सत्य तो सत्य है, समय की गहरी पर्तों में दब जाने पर भी कुन्दन तो कुन्दन ही होता है। आपका यह विहार जनसमूह के लिए अत्यधिक प्रभावक रहा—जहां आपके चरण-युगल पड़े, वहां के समाज द्वारा आपका भव्य स्वागत किया गया और आपने अपने प्रवचनों से सबको लाभान्वित किया। उड़ीसा में हजारों की भीड़ ने आपको जिस शैली में साष्टांग नमस्कार किया, वह शब्दातीत है। एक दिगम्बर साधु की कठोर चर्या के विषय में परिचय प्राप्त कर जो हृदय में आदर था, वह तो दृष्टिगत हुआ ही, पर सराक क्षेत्र के पुरजनों ने भी पीछे-पीछे चलकर पुनः श्रावक धर्मध्वजा को अपने हाथों में लेकर पूज्य श्री के सपने को साकारता का आश्वासन देकर स्वयं को पुनः धर्ममार्ग पर आरूढ़ कर लिया।

सत्य यह है, हर मानव एक थाती, एक विरासत, एक मिशन लिये हुए धरती पर आता है। उससे पूर्व कई पीढ़ियां उतर चुकी होती हैं। वे सब अपनी अपूर्व आकांक्षाएं उसे सौंपती हैं, वंश बल देकर आशीर्वाद देती हैं—जाओ, आगे बढ़ो और एक नया इतिहास लिखो।

पूज्य श्री ने भी पूर्व साधुओं से यही ऊर्जा लेकर अपनी नवोन्मेष प्रतिभा से मानवोद्धार का संकल्प लिया। उनका यह संकल्प समानता, मानवता, सहिष्णुता और संस्कृति संरक्षण का संकल्प है।

उड़ीसा में प्राप्त जैन प्रतीक

प्रतीक योजना के अन्तर्गत विविध-प्रतीकों का सर्वप्रथम स्पष्ट अंकन खण्डगिरि-उदयगिरि की विभिन्न गुफाओं में मिलता है। इन प्रतीकों में वर्धमंगल, स्वस्तिक, नन्दिपद और चैत्यवृक्ष इन चार प्रतीकों का प्रयोग दायीं गुफा के शिलालेख में मिलता है। इस शिलालेख में वामपार्श्व में दो और दाहिनी ओर दो चिह्न हैं। जय-विजय गुफा में सिरदल पर दो पुरुष और दो स्त्रियां सिद्धार्थ वृक्ष की पूजा करते हुए अंकित हैं। स्त्रियां पात्र में पूजा का द्रव्य लिये हुए हैं। एक पुरुष बद्धांजलि खड़ा है तथा दूसरा पुरुष माल्यार्पण कर रहा है। इस वृक्ष को कुछ लोगों ने भ्रमवश पीपल का वृक्ष मान लिया है, जो कि वस्तुतः सिद्धार्थ वृक्ष है।

अनन्त गुफा के द्वार के सिरदल पर तीन फणवाली सर्प-युगल मूर्ति अंकित है। पार्श्वनाथ का प्रतीक चिह्न सर्प है। धरणेन्द्र और पद्मावती उनके सेवक यक्ष-यक्षिणी हैं, जो नागकुमार जाति के इन्द्र-इन्द्रणी हैं। पार्श्वनाथ के साथ कलिंग का सम्बन्ध रहा है, इस तथ्य की पुष्टि शिल्पी ने सर्पयुगल अंकित करके कर दी है। सर जान मार्शल के मतानुसार, गुफा स्थापत्य की दृष्टि से यह गुफा संसार में प्रथम है। यह ईसा पूर्व प्रथम शताब्दी की है।

मूर्तियों के पादपीठ पर धर्मचक्र का अंकन जैनकला का अपना वैशिष्ट्य है। तीर्थंकरों के विहार के समय धर्मचक्र आगे-आगे चलता है। इस धर्मचक्र के कारण ही तीर्थंकर धर्मचक्री कहलाते हैं। तीर्थंकर केवल ज्ञान-प्राप्ति के पश्चात् दिव्यध्वनि द्वारा जो धर्मोपदेश देते हैं, शास्त्रीय भाषा के धर्मचक्र-प्रवर्तन कहा जाता है। इसीलिए प्रारम्भ से ही प्रायः सभी जैन मूर्तियों के सिंहासन पीठ पर मध्य में या दोनों ओर धर्मचक्र रहता है।

जैन ग्रन्थों में सभी तीर्थंकरों का अलग-अलग जन्म-चिह्न बताया है। जैन मूर्तियों के पादपीठ पर वह चिह्न अंकित रहता है। गुप्तकाल से तो इसका प्रचलन काफी बढ़ गया था, किन्तु इससे पूर्ववर्ती मूर्तियों के ऊपर चिह्न अंकित करने की आम प्रथा नहीं थी। खण्डगिरि-उदयगिरि गुफाओं के वेदिका स्तम्भों और सिरदलों पर अकेले चिह्न का भी अंकन मिलता है।

उड़ीसा के अयोध्या, नीलगिरि, अतसपुर, मयूरभंज आदि स्थानों पर ईसा पूर्व प्रथम शताब्दी तक की मूर्तियां उपलब्ध होती हैं। ये मूर्तियां जहां बिखरी पड़ी हैं,

वहां जैन मन्दिरों के चिह्न भी मिलते हैं। अतः असंदिग्ध रूप से ये मन्दिर भी इसी काल के थे। भुवनेश्वर से 6 किमी. दूर खण्डगिरि-उदयगिरि की गुफाएं हैं। इन गुफाओं की प्रसिद्धि हाथी गुफा के शिलालेख के कारण अत्यधिक हुई है। इसके अतिरिक्त इनका अपना ऐतिहासिक व धार्मिक महत्व भी है। इनमें से कुछ गुफाएं भगवान महावीर के काल में थीं। कुछ गुफाओं का निर्माण कलिंग सम्राट खारवेल और उसके परिवार के सदस्यों ने कराया था। खारवेल का काल ईसा पूर्व प्रथम शताब्दी का उत्तरार्द्ध माना जाता है। इस प्रकार इनमें से कई गुफाओं को बने हुए 2000 वर्ष व्यतीत हो चुके हैं। इन गुफाओं के अतिरिक्त शेष गुफाएं 10वीं शताब्दी तक निर्मित होती रहीं। ये गुफाएं प्रायः जैन मुनियों के ध्यानादि के निमित्त बनायी गई थीं। खण्डगिरि की पहाड़ी प्राचीन काल में कुमारी पर्वत कहलाती थी। यहां पर भगवान महावीर का समवशरण आया था। उस समय कलिंग नरेश जितशत्रु और उनकी पुत्री यशोदा ने भगवान के चरणों में संयम धारण किया था तथा जितशत्रु मुनि ने केवल ज्ञान प्राप्त करके यहीं से निर्वाण प्राप्त किया था। इस प्रकार यह तीर्थभूमि सिद्धक्षेत्र भी है। इसी पर्वत पर सम्राट खारवेल ने जैन मुनियों और विद्वानों का सम्मलेन बुलाया था।

यहां दिगम्बर जैन धर्मशाला है, जहां ठहरने की अच्छी सुविधा है। धर्मशाला से इन पहाड़ियों की ओर चलने पर बायीं ओर खण्डगिरि और दायीं ओर उदयगिरि की पहाड़ी है। खण्डगिरि के ऊपर चार दिगम्बर जैन मन्दिर और कुल 15 गुफाएं हैं। इनमें से 6 गुफाओं में जैन मूर्तियां हैं। इनमें से कुछ मूर्तियां गुफा के निर्माण के समय ही बनाई गई थीं, कुछ बाद में भी बनाई गईं। सभी गुफाओं के बाहर एक पत्थर पर गुफा का नम्बर और नाम लिखा हुआ है, इससे इन्हें देखने में सुविधा रहती है।

इसी प्रकार उदयगिरि पर्वत पर कुल 18 गुफाएं हैं। इस पहाड़ी के ऊपर किसी गुफा में कोई मूर्ति नहीं है। इन गुफाओं में प्रथम रानी गुफा सबसे बड़ी है। इसके सिरदलों आदि पर विभिन्न पौराणिक दृश्य उत्कीर्ण हैं। गणेश गुफा में भी तोरणों के मध्य भाग में कुछ दृश्य उत्कीर्ण हैं। कई गुफाओं में शिलालेख भी अंकित हैं।

कटक

कटक उत्कल या उड़ीसा प्रदेश की प्राचीन राजधानी है। यह हावड़ा जंक्शन से पुरी को जाने वाली रेल लाइन पर 409 किमी. दूर है। स्टेशन से लगभग 5 किमी. चौधरी बाजार में जैन भवन है, इसके पृष्ठ भाग में प्राचीन चन्द्रप्रभु दिगम्बर जैन मन्दिर है। इसी बाजार में मन्दिर से थोड़ी दूर पर दिगम्बर जैन चैत्यालय है।

मन्दिर का शिखर बहुत सुन्दर है। इस मन्दिर में कुछ मूर्तियां बहुत प्राचीन हैं। अनुमान किया जाता है ये दसवीं शताब्दी की हैं। अधिकांश प्राचीन मूर्तियां खण्डगिरि से लाई गई हैं। कटक में 49 ग्राम सराकों के घर हैं (सर्वेक्षण रिपोर्ट संलग्न है)।

पुरी

उदयगिरि से भुवनेश्वर जाकर पुरी (जगन्नाथपुरी) जा सकते हैं। भुवनेश्वर से पुरी 62 किमी. दूर है। सड़क और रेल मार्ग है।

यह हिन्दुओं का सुप्रसिद्ध धाम है। 51 शक्तिपीठों में से एक शक्तिपीठ है। इसके मुख्य मन्दिर को निज मन्दिर कहा जाता है। निज मन्दिर के दक्षिण द्वार के बाहर दीवाल में भगवान ऋषभनाथ की एक फुट ऊंची मूर्ति विराजमान है। मन्दिर के पण्डों की आम धारणा है कि इस मन्दिर का निर्माण महाराज खारवेल ने 'कलिंग जिन' की मूर्ति को विराजमान करने के लिए बनवाया था।

इतिहास ग्रन्थ से ज्ञात होता है कि प्राचीन काल में कलिंग में 'कलिंग जिन' नामक एक प्रतिमा थी। नन्दवंश के प्रतापी सम्राट महापद्मनन्द ने जब कलिंग को पराजित किया तो वह इस मूर्ति को अपने साथ ले गया था। यह मूर्ति तीर्थंकर ऋषभदेव की थी। नन्दराज के तीन सौ वर्ष पश्चात् खारवेल ने मगध पर आक्रमण किया, वृहसतिमित्र को हराया और वह उस 'कलिंग जिन' प्रतिमा को अपने साथ वापिस लाया। इस मूर्ति का उत्सव उसने कुमारी पर्वत पर मनाया, फिर इस मूर्ति के लिए उसने विशाल जिनालय बनवाया। पुरी का मन्दिर खारवेल द्वारा निर्मित वही जैन मन्दिर तथा जगन्नाथ की मूर्ति वही 'कलिंग जिन' प्रतिमा है, ऐसा लोगों का विश्वास है।

आर्कीलोजिकल सर्वे श्री नगेन्द्र नाथ बसु द्वारा प्रकाशित सन् 1911 में मयूरभंज जिले में भी जैन धर्म की प्राचीनता एवं पुरातत्व सम्बन्धी अनेक प्रमाण मिलते हैं।

इसकी भौगोलिक सीमाएं निम्न प्रकार हैं—

उत्तर में सिंहभूम, दक्षिण में कटक, पूर्व में बालासा मिदनापुर, पश्चिम में बोनाई और क्योन्सर राज्य। इसकी राजधानी बारीपदा थी। सन् 1918 में महाराज पूर्णचन्द्र भंजदेव यहां राज्य करते थे।

यहां कुछ जैनत्व की दृष्टि से उल्लेखनीय स्थल हैं—

बरसई के पास कोसली के खण्डित स्थानों में श्री पार्श्वनाथ की मूर्ति मिली है जिसके दोनों तरफ 4 मूर्तियां हैं—2 पद्मासन, 2 खड्गासन। मूर्ति को देखने से प्रगट होता है कि यह बहुत प्राचीन समय की है, जब मयूरभंज में कुसुम्ब क्षत्रियों

का राज्य था। यह मूर्ति इस बात का प्रमाण देती है कि 2000 वर्ष पहले इस स्थान पर जैन धर्म का प्रभाव था।

नीलगिरि में पुण्डाल स्थान में सोननदी के रेती में एक बड़ी पार्श्वनाथ की मूर्ति मिली है—यह 4 फुट 6 इंच ऊंची, 2 फुट 8 इंच चौड़ी है। यह प्राचीन कला का उत्कृष्ट नमूना है।

वारियदा में बड़ा जगन्नाथ का मन्दिर है, उसमें श्री पार्श्वनाथ की एक पद्मासन सुन्दर मूर्ति देखी जाती है।

जैसे पार्श्वनाथ की यहां मान्यता थी वैसे श्री वर्द्धमान स्वामी भी इस मयूरभंज में पूजे जाते थे। इसके प्रमाण निम्न हैं—

1. बाजसाई से 3 मील रानीबन्ध गांव में श्री महावीर स्वामी की पूजा के प्रमाण अब भी मिलते हैं।

2. बालसर नगर में दक्षिण-पूर्व 12 किमी. भीमपुर ग्राम है। यहां बहुत-सी प्राचीन मूर्तियां पाई गई हैं जो वर्द्धमान स्वामी की प्रतीत होती हैं।

10-12 वर्ष हुए, भीमपुर में एक सरोवर को खोदते हुए एक बहुत ही सुन्दर श्री महावीर स्वामी जी की मूर्ति जमीन के नीचे से मिली है—इसकी ऊंचाई 5 फुट है—इसके दोनों तरफ 24 तीर्थंकरों की छोटी-छोटी मूर्तियां हैं। राजा बैकुण्ठनाम डे बहादुर ने इस मूर्ति को अपने महल के बाग में विराजमान किया था।

भीमपुर के पास वर्द्धमानपुर है, वहां भी जैन प्रभाव के चिह्न पाये जाते हैं, जैनियों की उन्नति के समय में भी ये नगर भीमपुर और वर्द्धमानपुर के नाम से जाने जाते थे।

कटक से उत्तर-पूर्व 35 किमी. कुशमण्डल परगने में भादेश्वर ग्राम में जमीन खोदने से बहुत ही अमूल्य और उपयोगी प्राचीन पदार्थ मिले थे, जिनसे प्रमाणित होता है कि यहां प्राचीन समय में जैनों का अच्छा प्रभुत्व था तथा यह जैनियों का उन्नतशील समय था। उड़ीसा में जहां-जहां प्राचीन जैन पुरातत्व सामग्री मिली है, उनमें से ये उत्कृष्ट नमूने हैं। तीर्थंकरों, गणधरों, पूर्वधारियों, श्रावक और श्राविकाओं की मूर्तियां हैं—इनमें जैन तीर्थंकरों की खड्गासन तथा पद्मासन ध्यानाकार मूर्तियां नग्न हैं। यह एक बहुत सुन्दर पाषाण प्रतिमा है और 2 से 6 फुट ऊंची है।

सन् 1922-23 में बहुत-सी जैन मूर्तियां किचिंग में तथा आदिपुर के पास दूसरे स्थानों से मिली हैं। आदिपुर मयूरभंज की प्राचीन राजधानी थी।

पृष्ठ 242 में यह उल्लेख भी है कि इस मयूरभंज राज्य की स्थापना 1300 वर्ष हुए एक जयसिंह ने की थी, जो राजपूताना के जैपुर राजा का सम्बन्धी था। उसके सबसे बड़े पुत्र का नाम आदिसिंह था। इन नामों से तथा यहां के मन्दिरों से इस राजा का जैनधर्मी होना प्रतीत होता है।

सराक सम्मेलन

परमपूज्य प्रातः स्मरणीय सराकोद्धारक उपाध्याय 108 श्री ज्ञानसागर जी महाराज के सान्निध्य में आयोजित 'सराक सम्मेलन' की सूची—

स्थान	जिला	प्रान्त	मुख्य अतिथि के नाम	तारीख
1. हजारीबाग	हजारीबाग	बिहार	राय. श्री हरकचन्द जी पाण्ड्या	03-05-92
2. रांची	रांची	"	"	24-05-92
3. बुण्डु	"	"	"	17-02-93
4. नौढी	"	"	श्री ए.सी. साहब, एस.पी साहब (रांची)	05-04-93
5. तड़ाई	"	"	साहू श्री अशोक कुमार जी जैन	05-09-93
6. साड़म	बोकारो	"	श्री उम्मेदमल जी पाण्ड्या	13-11-94
7. पुरुलिया	पुरुलिया	पं. बगाल	राय. श्री हरकचन्द जी पाण्ड्या	21-12-94
8. मिहिजाम	दुमका	बिहार	श्री कमल कुमार जी जैन (पाटोदी)	11-12-94
9. सरिया	गिरिडीह	"	राय. श्री हरकचन्द जी पाण्ड्या	22-12-94
10. खतौली (उपाध्याय श्री की प्रेरणा से)	मेरठ	उ. प्र.		13-02-95
11. मेरठ	मेरठ	उ. प्र.		13-02-95
12. सहारनपुर	सहारनपुर	"		05-05-95
13. बड़ागांव	मेरठ	"	श्री कुमार मंगलम्	05-11-95

धार्मिक शिक्षण शिविर

वात्सल्यपुंज उपाध्याय 108 श्री ज्ञानसागर जी महाराज के आर्शीर्वाद से
प. बंगाल प्रान्त के सराक जैन ग्रामों में आयोजित किए गए
धार्मिक शिक्षण शिविर की सूची
(पश्चिम बंगाल प्रान्त)

ग्राम	जिला	ग्राम	जिला
1. गौरांगडीह	पुरुलिया	8. राधमाधवपुर	पुरुलिया
2. तालाजोड़ी	"	9. धनीयार डांगा	"
3. राजड़ा	"	10. बनबेड़िया	"
4. मुड़लू	"	11. मकुला	"
5. बोदामा	"	12. पोलमा	"
6. लालडीह	"	13. सनेड़ा	"
7. मेट्यालशहर	"		

धार्मिक पाठशाला

गौरवपुंज उपाध्याय 108 श्री ज्ञानसागर जी महाराज की प्रेरणा से वर्द्धमान, बांकुड़ा एवं पुरुलिया जिले के निम्न सराक जैन ग्रामों में 'धार्मिक पाठशालाएं' खोली गईं–

(पश्चिम बंगाल प्रान्त)

जिला पुरुलिया

1. बोदमा	5. इन्द्रबील	9. गोविन्दपुर	13. कासीवेड़िया
2. लालपुर	6. राजड़ा	10. बनबहिरा	14. चौताला
3. गौरांगडीह	7. मुड़लू	11. धनीयारडांगा	15. पोलमा
4. तालाजोड़ी	8. राधामाधवपुर	12. मेट्यालशहर	16. मनोग्राम

जिला वर्द्धमान

1. ईटापाड़ा 2. रोशना 3. दासक्यारी

जिला बांकुड़ा में 20 पाठशालाएं चलाई जा रही हैं।

(बिहार प्रान्त)

जिला–रांची–सिंहभूम जिले की पाठशालाओं के ग्रामों के नाम–

रांची जिला–1. चोकाहातु, 2. नौढ़ी, 3. पांगुरा, 4. बेड़ाडीह

सिंहभूम जिला–1. देवलटांड, 2. नवाडीह, 3. रूगड़ी, 4. आगसिया।

पुस्तक वितरण

पश्चिम बंगाल प्रान्त के वर्द्धमान जिले में 9 ग्रामों के 36 विद्यार्थियों को तथा पुरुलिया जिले में 13 ग्रामों के 87 विद्यार्थियों को पाठ्यक्रम की पुस्तकें वितरित की गईं।

बिहार प्रान्त के रांची जिला के चोकाहातु ग्राम के 6 विद्यार्थियों को पाठ्यक्रम की पुस्तकें वितरित की गईं।

छात्रवृत्ति

बिहार एवं बंगाल प्रान्त के 15 विद्यार्थियों को 'छात्रवृत्ति' दी जा रही है।

प्रशिक्षण

पश्चिम बंगाल प्रान्त के पुरुलिया एवं वर्द्धमान जिले के 15 सराक जैन नवयुवकों को ड्राइवरी में, 12 युवकों को टाइपिंग में एवं 2 युवकों को कम्पाउण्डरी में प्रशिक्षण प्राप्त कराया जा रहा है।

सिलाई सेन्टर

पश्चिम बंगाल एवं बिहार प्रान्त के 3 सराक जैन ग्रामों में सिलाई सेन्टर खोला गया है जिसमें लड़कियों को ही विशेष रूप से प्रशिक्षण दिया जाता है।

अन्यान्य कार्य योजनाएं

पश्चिम बंगाल प्रान्त की 3 विधवा महिलाओं एवं दो गरीब परिवारों को प्रतिमाह आर्थिक सहायता दी जाती है तथा रोग से पीड़ित व्यक्तियों को चिकित्सा हेतु सहायता दी जा रही है।

पहले से निर्मित मन्दिरों की सूची

बिहार प्रान्त—

जिला सिंहभूम—1. देवलटांड, 2. आगसिया, 3. नवाडीह।

जिला रांची—1. चोकाहातु, 2. तड़ाई।

नवचेतना प्रदायक उपाध्याय 108 श्री ज्ञानसागर जी महाराज के आशीर्वाद से निम्नलिखित ग्रामों में मूर्तियां विराजमान की गईं—

1. पांगुरा, 2. तमाड़, 3. नौढ़ी, 4. चिपड़ी, 5. हुरुण्डीह।

पश्चिम बंगाल प्रान्त के वर्द्धमान जिला के पुचड़ा ग्राम में जैन मन्दिर एवं हाईस्कूल निर्माण कराया गया है।

नवनिर्मित चैत्यालय

पश्चिम बंगाल प्रान्त, जिला—पुरुलिया

राजड़ा तथा बोदमा ग्राम में चैत्यालय नवनिर्मित किए गए।

सेन्टर तथा पत्रिका

